# बजट का सार

# BUDGET AT A GLANCE

# 2023-2024

बजट सार में बजट की संपूर्ण बातों को इस ढंग से दर्शाया गया होता है कि इन्हें आसानी से समझा जा सके। इस दस्तावेज में भारत सरकार की प्राप्तियों और व्यय के साथ-साथ राजकोषीय घाटा (एफडी), राजस्व घाटा (आरडी), प्रभावी राजस्व घाटा (ईआरडी) और प्राथमिक घाटा (पीडी) दर्शाया जाता है। ग्राफ और इन्फो-ग्राफिक्स के माध्यम से प्राप्तियों के स्रोतों और उनके व्यय का चित्रात्मक ब्यौरा दिया जाता है। इसके अलावा, इस दस्तावेज में राज्यों और विधानमण्डल वाले संघ राज्य क्षेत्रों को हस्तांतरित किए गए संसाधनों से संबंधित ब्यौरा शामिल होता है। इस दस्तावेज में कार्यक्रमों और योजनाओं के लिए किए गए आबंटनों का सारांश भी सम्मिलित है और यह घाटे की वित्त व्यवस्था के स्रोतों और महत्वपूर्ण बजटीय चरों (वेरियेबल्स) के संबंध में संपूर्ण जानकारी देता है।

2. राजकोषीय घाटा (एफडी), प्रतिकूल राजकोषीय शेष है जो राजस्व प्राप्तियों सह ऋण भिन्न पूंजीगत प्राप्तियों (एनडीसीआर) अर्थात् ऋण भिन्न प्राप्तियों के जोड़ और कुल व्यय के बीच का अंतर है। राजकोषीय घाटा (एफडी), सरकार की कुल उधारी आवश्यकता को दर्शाता है। राजस्व घाटे (आरडी) का अर्थ, राजस्व व्यय का राजस्व प्राप्तियों से अधिक होना है। प्रभावी राजस्व घाटा (ईआरडी), राजस्व घाटे और पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान के बीच का अंतर है। प्राथमिक घाटा, राजकोषीय घाटे में से ब्याज आदायगियों को घटाकर निकाला जाता है। प्रभावी पूंजीगत व्यय (एफ-केपेक्स) का अर्थ, पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान का जोड़ है।

3. इस दस्तावेज में वर्णित प्राप्तियां और व्यय, प्राप्ति बजट (अनुबंध-3) और व्यय की रूपरेखा दस्तावेज (विवरण सं. 17) में दिए गए मिलान संबंधी विवरण में यथा स्पष्ट प्राप्तियों और वसूलियों के निवल है।

4. संशोधित अनुमान 2022-23 में कुल व्यय ₹41,87,232 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के वास्तविक से ₹3,93,431 करोड़ रुपए अधिक है। संशोधित अनुमान 2022-23 कुल पूंजीगत व्यय ₹7,28,274 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है।

Budget at a Glance presents broad aggregates of the Budget for easy understanding. This document shows receipts and expenditure as well as the Fiscal Deficit (FD), Revenue Deficit (RD, Effective Revenue Deficit (ERD) and the Primary Deficit (PD) of the Government of India. It gives an illustrative account of sources of receipts and their expenditure through graphs and info-graphics. In addition, the document contains details with respect to the resources transferred to the States and UTs with legislature. The document also encompasses extracts of allocations for programme and schemes and giving insights on sources of deficit financing and composition of important budgetary variables.

2. Fiscal Deficit (FD) is the adverse fiscal balance which is a difference between the Revenue Receipts Plus Non-Debt Capital Receipts (NDCR) i.e. total of the non-debt receipts and the total expenditure. FD is reflective of the total borrowing requirement of Government. Revenue Deficit (RD) refers to the excess of revenue expenditure over revenue receipts. Effective Revenue Deficit (ERD) is the difference between Revenue Deficit and Grant-in-Aid for Creation of Capital Assets. Primary Deficit is measured as Fiscal Deficit less interest payments. Effective Capital Expenditure (Eff-Capex) refers to the sum of Capital Expenditure and Grants-in-Aid for Creation of Capital Assets.

3. The receipts and expenditure depicted in this document are net of receipts and recoveries as explained in the reconciliation statements provided in the Receipt Budget (Annex-3) and Expenditure Profile Document (Statement No. 17).

4. In RE 2022-23, the total expenditure has been estimated at ₹41,87,232 crore and is more than Actuals of FY 2021-22 by ₹3,93,431 crore. The total capital expenditure in RE 2022-23 is estimated at ₹7,28,274 crore.

5. बजट अनुमान 2023-24 में कुल व्यय, ₹45,03,097 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है जिसमें से कुल पूंजीगत व्यय ₹10,00,961 करोड़ है। बजट 2023-24 में अवसंरचना विकास में निवेश आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके परिणामस्वरूप संशोधित अनुमान 2022-23 से पूंजीगत व्यय में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बजट अनुमान 2023-24 में प्रभावी पूंजीगत व्यय का ₹13,70,949 करोड़ होना, संशोधित अनुमान 2022-23 से 30.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

6. बजट अनुमान 2023-24 में राज्य के हिस्से के वितरण, अनुदानों/ऋणों और केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत धनराशि आदि सहित राज्यों को हस्तांतरित किए जा रहे कुल संसाधन ₹17,97,537 करोड़ है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के वास्तविक से ₹1,43,056 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है।

5. The total expenditure in BE 2023-24 is estimated at ₹45,03,097 crore of which total capital expenditure is ₹10,00,961 crore. Budget 2023-24 reflects continuing strong commitment of the Union Government to boost economic growth by investing in infrastructure development leading to an increase in capital expenditure by 37.4 per cent over RE 2022-23. Effective Capital Expenditure, at ₹13,70,949 crore in BE 2023-24, shows an increase of 30.1 per cent over RE 2022-23.

6. Total resources being transferred to the States including the devolution of State's share, Grants/Loans and releases under Centrally Sponsored Schemes, etc. in BE 2023-24 is ₹17,97,537 crore, which shows an increase of ₹1,43,056 crore over Actuals of FY 2021-22.

`

# बजट का सार Budget at a Glance

(₹ करोड़) (In ₹ crores)

| | | 2021-2022 वास्तविक Actuals | 2022-2023 बजट अनुमान Budget Estimates | 2022-2023 संशोधित अनुमान Revised Estimates | 2023-2024 बजट अनुमान Budget Estimates |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्व प्राप्तियां | 1. Revenue Receipts | 2169905 | 2204422 | 2348413 | 2632281 |
| 2. कर राजस्व (केंद्र को निवल) [1] | 2. Tax Revenue (Net to Centre)[1] | 1804793 | 1934771 | 2086662 | 2330631 |
| 3. कर भिन्न राजस्व | 3. Non Tax Revenue | 365112 | 269651 | 261751 | 301650 |
| 4. पूंजी प्राप्तियां | 4. Capital Receipts | 1623896 | 1740487 | 1838819 | 1870816 |
| 5. ऋणों की वसूली | 5. Recovery of Loans | 24737 | 14291 | 23500 | 23000 |
| 6. अन्य प्राप्तियां | 6. Other Receipts | 14638 | 65000 | 60000 | 61000 |
| 7. उधार और अन्य देयताएं[2] | 7. Borrowings and Other Liabilities[2] | 1584521 | 1661196 | 1755319 | 1786816 |
| 8. कुल प्राप्तियां (1+4) | 8. Total Receipts (1+4) | 3793801 | 3944909 | 4187232 | 4503097 |
| 9. कुल व्यय (10+13) | 9. Total Expenditure (10+13) | 3793801 | 3944909 | 4187232 | 4503097 |
| 10. राजस्व खाते पर | 10. On Revenue Account | 3200926 | 3194663 | 3458959 | 3502136 |
| जिसमें से | of which | | | | |
| 11. ब्याज भुगतान | 11. Interest Payments | 805499 | 940651 | 940651 | 1079971 |
| 12. पूंजी परिसंपत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान | 12. Grants in Aid for creation of capital assets | 242646 | 317643 | 325588 | 369988 |
| 13. पूंजी खाते पर | 13. On Capital Account | 592874 | 750246 | 728274 | 1000961 |
| 14. प्रभावी पूंजी व्यय (12+13) | 14. Effective Capital Expenditure (12+13) | 835520 | 1067889 | 1053862 | 1370949 |
| 15. राजस्व घाटा (10-1) | 15. Revenue Deficit (10-1) | 1031021 | 990241 | 1110546 | 869855 |
| | | (4.4) | (3.8) | (4.1) | (2.9) |
| 16. प्रभावी राजस्व घाटा (15-12) | 16. Effective Revenue Deficit (15-12) | 788375 | 672598 | 784958 | 499867 |
| | | (3.3) | (2.6) | (2.9) | (1.7) |
| 17. राजकोषीय घाटा [9-(1+5+6)] | 17. Fiscal Deficit [9-(1+5+6)] | 1584521 | 1661196 | 1755319 | 1786816 |
| | | (6.7) | (6.4) | (6.4) | (5.9) |
| 18. प्राथमिक घाटा (17-11) | 18. Primary Deficit (17-11) | 779022 | 720545 | 814668 | 706845 |
| | | (3.3) | (2.8) | (3.0) | (2.3) |

[1] पिछले वर्षों के लिए केंद्र द्वारा देय निवल राशि के कारण संशोधित अनुमान 2022-23 में ₹32,607 करोड़ की कमी आई है। पिछले वर्षों के समायोजनों को छोड़कर, संशोधित अनुमान 2022-23 से बजट अनुमान 2023-24 में 10% वृद्धि हुई है।
[2] इससे नगदी शेष में आहरण द्वारा कमी शामिल है।

[1] RE 2022-23 is reduced by ₹32,607 crore on account of net amount payable by Centre for prior years. Growth in BE 2023-24 over RE 2022-23 is 10% excluding prior year adjustments.
[2] Includes drawdown of Cash Balance.

**टिप्पणी :**

(i) वित्त वर्ष 2022-23 के प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार ₹2,73,07,751 करोड़ की अनुमानित सांकेतिक जीडीपी पर 10.5% वृद्धि मानते हुए बजट अनुमान 2023-2024 के लिए सांकेतिक जीडीपी ₹3,01,75,065 करोड़ अनुमानित किया गया है।

(ii) इस दस्तावेज में पृथक -पृथक मदें पूर्णांकन के कारण संभवत: जोड़ से मेल न खाएं ।

(iii) कोष्ठक में दिये गए आंकड़े जीडीपी के प्रतिशत के रूप में है।


**Notes:**


(i) Nominal GDP for BE 2023-2024 has been projected at ₹3,01,75,065 crore assuming 10.5 % growth over the estimated Nominal GDP of ₹2,73,07,751 crore as per the First Advance Estimates of FY 2022-23.

(ii) Individual items in this document may not sum up to the totals due to rounding off.

(iii) Figures in parenthesis are as a percentage of GDP.

# रुपया कहां से आता है Rupee Comes From
# (बजट Budget 2023-24)









टिप्पणियां:- 1. कुल प्राप्तियों में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में घटा दिया गया है।
2. आंकड़ों को पूर्णांकित किया गया है।

Notes :- 1. Total receipts are inclusive of States' share of taxes and duties which have been netted in the table on page 1.
2. Figures have been rounded off.

# रुपया कहां जाता है Rupee Goes To
# (बजट Budget 2023-24)




टिप्पणियां:- 1. कुल व्यय में करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा शामिल है, जिन्हें पृष्ठ 1 पर सारणी में प्राप्तियों में से घटा दिया गया है।
2. आंकड़ों को पूर्णांकित किया गया है।

Notes :- 1. Total expenditure is inclusive of States' share of taxes and duties which have been netted against receipts in the table on page 1.
2. Figures have been rounded off.